बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
आदेश

आदेश संख्या–12/वि0–131/2026– 731 /पटना, दिनांक– 14.5.26

संवेदक Hi-Tech Water Solution Pvt. Ltd. (सू0सं0–260520230124) को कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज के कार्यालय आदेश सं0–01, दि0–05.01.2026 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन पर दिनांक–11.05.2026 को सुनवाई के संबंध में।

11.05.2026

स्वेदक Hi-Tech Water Solution Pvt. Ltd. M-11A, Someshwar Squuare, Someshwar Char Rasta, Vensu, Surat (सू0सं0–260520230124) एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज उपस्थित।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज अंतर्गत हर घर नल का जल योजना के तहत प्रकाशित निविदा सं0 NIT-Re2-09/SBFe/2025-26 के ग्रुप सं0–01 एवं 02 में निविदा प्राप्त करने हेतु निविदाकार (संवेदक) द्वारा सरकारी अभिलेखों में छेड़–छाड़ करने के लिए बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के प्रावधानो के तहत संवेदक, Hi-Tech Water Solution Pvt. Ltd. (सू0सं0–260520230124) को कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल फारबिसगंज द्वारा अपने कार्यालय आदेश संख्या–01, दि0–05.01.2026 से अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया।

कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया के पत्रांक–249 दि0–18.03.26 के द्वारा संवेदक को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज अंतर्गत उक्त एकरारनामा में डिबार मुक्त करने हेतु अनुशंसा किया गया।

क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में दिनांक–11. 05.2026 को अद्योहस्ताक्षरी द्वारा इस मामले की सुनवाई की गयी, जिसमें संवेदक तथा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज के द्वारा भाग लिया गया।

सुनवाई के क्रम में संवेदक के द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं यह कहा गया कि बिना सही तथ्यों एवं दस्तावेजों पर विचार किये उन्हें अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किया गया है जिससे एजेंसी की वित्तीय स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है। कार्यपालक अभियंता के द्वारा अवगत कराया गया कि एजेंसी के द्वारा सरकारी अभिलेखों में छेड़–छाड के मामलें में अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में उक्त कृत्य की पुनरावृति न करने की बात कही गयी है। साथ ही कार्यपालक अभियंता के द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि योजना अंतर्गत रख–रखाव मरम्मति संपोषण एवं संचालन का कार्य अनुरक्षण नीति अंतर्गत निर्धारित मानक के अनुरूप कार्य किया जा रहा है ।

अतः क्षेत्रीय पदाधिकारियों के प्रतिवेदन एवं मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में सम्यक समीक्षोपरांत कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज के द्वारा संवेदक **Hi-Tech Water Solution Pvt. Ltd. (सू0सं0–260520230124)** को अगली निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है। साथ ही संवेदक को यह चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में उक्त कृत्य की पुनरावृति न हो इसका ध्यान रखा जाय।

ह0/–
(पंकज कुमार पाल)
सचिव

ज्ञापांक–12 / वि0–131 / 2026– 731 पटना, दिनांक– 14.5.26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना / बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 14.05.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–131 / 2026– 731 पटना, दिनांक– 14.5.26

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय) / सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता / आई0 टी0 मैनेंजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनेंजर को निदेश है कि इसे विभागीय वेवसाईट पर अपलोड किया जाय।

अभय 14.05.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post/
Email

ज्ञापांक–12 / वि0–131 / 2026– 731 पटना, दिनांक– 14.5.26

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज / एजेंसी Hi-Tech Water Solution Pvt. Ltd. M-11A, Someshwar Squuare, Someshwar Char Rasta, Vensu, Surat को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभय 14.05.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–131 / 2026– 731 पटना, दिनांक– 14.5.26

प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 14.05.26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)